THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

पाठ -१

हम पंछी उन्मुक्त गगन के

शुद्ध वर्तिनी चुनिए

- उन्मुक्त
- पिंजरबद्ध
- पुलकित
- श्रृंखला
- क्षितिज

शब्दार्थ

	शब्द	अर्थ
1	उन्मुक्त	खुला, बंधन रहित
2	जगन	आसमान
3	कनक	सोना, स्वर्ण
4	पुलकित	प्रसन्नता से भरे
5	कटुक	कड़वी
6	निबोरी	नीम का फल
7	कनक कटोरी	सोने से बना हुआ बर्तन
8	फुनगी	वृक्ष का सबसे ऊपरी भाग

TVIS TVIS TVIS TVIS

9	अरमान	इच्छा
10	सीमाहीन	असीमित
11	क्षितिज	जहां धरती और आसमान परस्पर मिलते हुए प्रतीत होते हैं

पर्यायवाची शब्द

अरमान- चाह , इच्छा	कनक- स्वर्ण, सोना
तारक- तारे, सितारे	पेड़- तरु, वृक्ष

TVIS TVIS TVIS

पाठ्यपुस्तक के प्रश्न-अभ्यास

प्रश्न 1.पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?

उत्तर-पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी इन इच्छाओं को पूरा करना चाहते हैं :-
(क) वे खुले आसमान में उड़ना चाहते हैं।
(ख) वे अपनी गति से उड़ान भरना चाहते हैं।
(ग) नदी-झरनों का बहता जल पीना चाहते हैं।
(घ) नीम के पेड़ की कड़वी निबौरियाँ खाना चाहते हैं।
(ङ) पेड़ की सबसे ऊँची फुनगी पर झूलना चाहते हैं।
वे आसमान में ऊँची उड़ान भरकर अनार के दानों रूपी तारों को चुगना चाहते हैं। क्षितिज मिलन करना चाहते हैं।

प्रश्न 2 पंछी कहां के हैं?

उत्तर-पंछी उन्मुक्त गगन के हैं।

प्रश्न 3 कनक तीलियों से टकराकर किन का पंख टूट जाएगा?

उत्तर- पंछियों के पंख टूट जाएंगे।

प्रश्न 4 किस के बंधन में पक्षी अपनी उड़ान सब भूले?

उत्तर-स्वर्ण श्रृंखला।

प्रश्न 5 पंछी किस की सीमा पाना चाहते थे?

उत्तर- पंछी नीले नभ की सीमा पाना चाहते थे।

TVIS TVIS TVIS